an>

Title: Need to establish medical college and hospital in Ner Chowk in Mandi Parliamentary Constitutency.

श्री रामस्वरूप शर्मा (मंडी) : सभापति जी, मैं मंडी संसदीय क्षेत्र् से आता हूं। यह क्षेत्र् देश में क्षेत्र्फल के हिसाब से दूसरे नम्बर पर आता है। वहां स्वास्थ्य सेवाओं के लिए ई.एस.आई. द्वारा वर्ष 2009 में नेर चौक में एक मेडिकल कालेज और अस्पताल खोलने की घोषणा हुई थी। ई.एस.आई. द्वारा 1,000 करोड़ रुपए खर्च करके मेडिकल कालेज के संचालन हेतु भवन का निर्माण भी पूरा कर लिया गया था। लेकिन पिछले सात वर्षों के अंदर नेर चौक में न तो मेडिकल कालेज खुला और न ही अस्पताल। मेरे संसदीय क्षेत्र् में तीन जनजातीय क्षेत्र् आते हैं और वहां साल में छः महीने बर्फ पड़ती है। इस कारण वहां के मरीजों को शिमला, चंडीगढ़ या दिल्ली आना पड़ता है। मेरा सरकार से आग्रह है कि नेर चौक पर मेडिकल कालेज और अस्पताल शीघ्र् खोला जाए।

HON. CHAIRPERSON: Shri Sharad Tripathi is permitted to associate with the issue raised by Shri Ram Swaroop Sharma.